मेटास कंपनी के कर्मचारी कविंद्र साहू... पृष्ठ 2 | पुरी शंकराचार्यजी के आगामी... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



।। जय श्री जलाराम।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559
नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


सोमवार, 25 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 43, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## युवाओं में राष्ट्रप्रेम एवं अनुशासन की भावना को जागृत करता है एनसीसी - मुख्यमंत्री




**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित 76वें एनसीसी दिवस समारोह में शामिल हुए। एनसीसी दिवस समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रप्रेम और अनुशासन की भावना को जगाता है और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने एनसीसी कैडेट्स की परेड की सलामी ली। एनसीसी दिवस कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनोहारी प्रस्तुति के साथ ही हार्स राइडिंग, एरो मॉडलिंग, सेक्शन मूवमेंट, सीमा फोर जैसे प्रदर्शन किये गए। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केडेट्स को पुरस्कृत किया। साथ ही 76वें एनसीसी दिवस समारोह के मौके पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी को 76वें एनसीसी दिवस की बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि आज एक बार फिर मुझे आप लोगों के बीच आने का अवसर मिला है। आप लोगों के बीच जब भी आता हूं, नई ऊर्जा से भर जाता हूं। आज आप लोगों ने एनसीसी दिवस पर शानदार परेड मार्च किया, एरो मॉडलिंग प्रदर्शन किया, घुड़सवारी का प्रदर्शन किया और सेक्शन अटैक का प्रदर्शन किया। आप लोगों के प्रदर्शन से मैं भी जोश से भर गया हूं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मुझे अच्छी तरह याद है कि नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर जब हमारे कैडेट लौटे थे, तब भी आप लोगों से मुलाकात हुई थी। गणतंत्र दिवस के मौके पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर छत्तीसगढ़ के एनसीसी कैडेटों को परेड करते हुए देखना बड़ा ही सुखद होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे कैडेट भारत के विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेटों के साथ कदम से कदम मिलाते हुए जब तिरंगे को सलामी देते हैं तो प्रत्येक छत्तीसगढ़िया गर्व से भर उठता है। हमारे देश की यही खूबसूरती है। अलग-अलग भाषा और अलग-अलग क्षेत्रों के होने के बावजूद हम सभी में राष्ट्रप्रेम की भावना कूट कूट कर भरी हुई है। एनसीसी इसी राष्ट्र प्रेम को सींचता है, राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा संगठन है जो युवाओं को अनुशासन सिखाता है, उनके चरित्र का निर्माण करता है, उन्हें साहसी बनाता है और नि:स्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। एनसीसी का ध्येय वाक्य ही है- च्एकता और



अनुशासनज्। एनसीसी हमारे युवाओं को सेना और अन्य सुरक्षा बलों में अपना कैरियर बनाने के लिए प्रेरित करता है। युवाओं को सेना में कैरियर निर्माण के लिए प्रेरित करने के लिए आप लोगों ने अभी कुछ दिनों पहले राजधानी रायपुर में भव्य सैन्य प्रदर्शनी का आयोजन भी देखा होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे यह देखकर भी बहुत खुशी होती है कि एनसीसी में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ रही है। प्रदेश में अनेक गर्ल्स बटालियन संचालित की जा रही है, यह बड़ी प्रसन्नता की बात है। हमारी बेटियों ने राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक एनसीसी का नेतृत्व कर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। आज भारत की उपलब्धियों का गौरवगान पूरी दुनिया कर रही है। इन उपलब्धियों में निश्चित रूप से युवाओं की सबसे बड़ी भागीदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य देश के सामने रखा है। हमारे ऊर्जावान युवाओं के योगदान से हम सब अवश्य ही विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इनमें से बहुत से कैडेट सेना में अपना कैरियर बनाएंगे। हमने अपनी नई औद्योगिक नीति में अग्नि वीरों के लिए विशेष प्रावधान किए हैं। नई शिक्षा नीति में शिक्षा को कौशल विकास से जोड़ा है। जिससे आप लोग विभिन्न क्षेत्रों के माध्यम से देश की सेवा कर सकें। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में हमारे एनसीसी कैडेटों को हवाई उड़ान का अनुभव और प्रशिक्षण रायपुर में




दिया जाता है, जिसका खर्च छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वहन किया जाता है। प्रदेश में रायपुर के साथ-साथ बिलासपुर, अंबिकापुर, जगदलपुर, जशपुर में भी हवाई पट्टियां हैं, यह प्रशिक्षण वहां भी शुरू किया जा सकता है। इससे इन अंचलों के कैडेटों को भी लाभ होगा। मेजर जनरल विकांत एम. धुमने ने कहा कि छत्तीसगढ़ के 900 एनसीसी कैडेट्स का चयन अग्निवीर में हुआ है, यह यहां के कैडेटों के उच्च कोटि के प्रशिक्षण को प्रतिबिंबित करता है।कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेसी, ब्रिगेडियर वाय. एस. चौहान, एस. एम. एनसीसी ग्रुप समादेशक, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल विकांत एम. धुमने, प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल प्रदीप कुमार, विभिन्न महाविद्यालयों, विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स के अलावा सैन्य अधिकारी, एनसीसी अधिकारी, पीआई स्टाफ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## किसानों से इक्कीस क्विंटल प्रति एकड़ के मान से ही हो रही है धान खरीदी - मुख्यमंत्री साय

अरविन्द तिवारी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि पीएम मोदी की गारंटी के अनुरूप इस वर्ष भी किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान के मान से ही धान खरीदी की जा रही है , किसानों को इस मामले को लेकर किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस संबंध में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने आगे कहा कि धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है , राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कर रही है। किसानों के हित को ध्यान में रखते हुये उपार्जन केन्द्रों के माईक्रोएटीएम से दो हजार रूपये से लेकर दस हजार रूपये तक की राशि निकालने की सुविधा भी दी गई है। इससे किसानों को धान बेचने परिवहन के लिये किराये पर लिये गये ट्रैक्टर , मेटाडोर आदि का भाड़ा और हमाली मजदूरी का भुगतान करने में सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में



### किसानों में भ्रम फैलाने वालों के विरूद्ध की जायेगी सख्त कार्यवाही

छत्तीसगढ़ में अनवरत धान खरीदी का सिलसिला जारी है। चौदह नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेगा। खरीफ वर्ष के लिये 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है , इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मिट्रिक धान खरीदी अनुमानित है। सभी उपार्जन केन्द्रों में बायोमैट्रिक डिवाईस के माध्यम से धान उपार्जन की व्यवस्था की गई है। छोटे , सीमांत और बड़े कृषकों के द्वारा उपजाये गये धान को निर्धारित समर्थन मूल्य में खरीदा जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने की व्यवस्था से लेकर छांव , पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर भी चस्पा कर दिये गये हैं। राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है एवं चेक पोस्ट की स्थापना की गई है। राज्य स्तर पर अलग अलग जिलों के लिये राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की जांच टीम बनाई गई है , जो लगातार जिले में हो रही धान खरीदी की मानिटरिंग कर रहे हैं।

## पदुमतरा में विभिन्न कार्यो का लोकार्पण समारोह आज, विधायक-पूर्व विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के पदुमतरा में क्लस्टर भवन 20 लाख, आंगनबाड़ी भवन 7.50 लाख, नवीन पंचायत भवन 18.50 लाख, प्राथमिक शाला अतिरिक्त कक्ष 16.20 लाख, प्राथमिक शाला शेड निर्माण 2 लाख, हाईस्कूल में शेड निर्माण 2लाख, श्री राम मंदिर में शेड निर्माण 2 लाख, सीसी रोड 09 लाख का लोकार्पण आज दिनांक 25 नवंबर, दिन-सोमवार को मुख्य अतिथि हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़, अध्यक्षता भुनेश्वर सिंह बघेल पूर्व विधायक डोंगरगढ़, विशिष्ट अतिथि प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी अध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव, अशोक देवांगन सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव, ओमप्रकाश साहू सभापति जनपद पंचायत राजनांदगांव, दुर्गेश द्विवेदी समाजसेवी, रतन यादव समाजसेवी के आतिथ्य में संपन्न होगा।ललिता मोहन साहू सरपंच ग्राम पंचायत पदुमतरा, कमलेश कुर्रे उपसरपंच ग्राम पंचायत पदुमतरा, पंचगण गणेशिया बरैया, मुरलीधर साहू, मोहन कुमार साहू, सुनीता बंजारे, तुलसी विश्कर्मा, धनेश्वरी साहू, राजेश महिलांगे, भगवनतिन कुर्रे, अनिता गंधर्व, राकेश साहू, कालूराम साहू, कुमारी साहू, दयाबाई साहू, नंदनी महोबिया ने कार्यक्रम में सभी को उपस्थित होने की अपील किये है।

## धान कि फसलों में कटवा किट का प्रकोप, किसान ड्रोन से कर रहे है किटनाशक का चिड़काव

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कल दिनांक 20 नवम्बर को ग्राम धामसरा में किसान रमेश कुमार पटेल के धान के खेत में कटवा किट के बचाव हेतु ड्रोन से किट नाशक ( क्लोरोपीराफोस 40% EC, प्रोफेनोफोस 40% EC)320 मिलि लीटर / एकड़ कि दर से ड्रोन में 10 लीटर घोल बनाकर कीटनाशक का चिड़काव किया गया। इस दौरान पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुशाधन केंद्र सुरगी, राजनांदगाव के रावे विधर्थियों का 3 ग्रुप उपस्थित रहा।



## सहस्त्रबाहु अर्जुन जयन्ती कार्यक्रम में सामाजिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार की स्वीकृति की सौगात

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत पांडादाह में आयोजित सहस्त्रबाहु अर्जुन के जयंती के कार्यक्रम में पांडादाह में डड़सेना (सिन्हा) कलार समाज के द्वारा आयोजित सहस्त्रबाहु जयंती के कार्यक्रम रखा गया गया जिसमें हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़ ने सहस्त्रबाहु और माता बहादुर कलारिन के तैल चित्र में दीप प्रज्वलित कर समस्त जनता जनार्दन एवं समस्त समाजिक गणो को संबोधित करते हुए कहा हमे अपने समाज को एक जुट होकर संगठित करके चले तो हम आने वाले समय मे अपने समाज को एक नए ऊँचाई पर ले जा सकते है इसके लिए हमे शिक्षित होना बहुत जरूरी है और माता बहादुर कलारिन की गाथा को बताते हुए कहा माता बहादुर कलारिन नारी उत्थान के लिए काम करती थी . मां बहादुर कलारिन को लेकर कई सारी बातें प्रचलित हैं, मांता बहादुर कलारिन के बारे में बहुत सी



बातें आती हैं. पर हम ये सोचते हैं कि इसमें आज शोध करने की जरूरत है क्योंकि वो नारी उत्थान के विषय में काम करने वाली एक महिला थी।हमे माता बहादुर कलारिन के दिये हुए मार्गदर्शन में तत्पर आगे बढ़ना है और सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।और समस्त (सिन्हा)कलार समाज के समस्त सदस्यों का आभार करते हुए समाजिक मांग को देखते हुए कलार समाज के सामाजिक भवन के लिए 6 लाख 50 हजार की सौगात दी और अपनी उद्बोधन को समाप्त की।इस सौगात से समस्त सामाजिक एवं ग्रामीणों में बहुत ही उत्साह का माहौल रहा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सिन्हा कलार समाज दीनदयाल सिन्हा,ब्लॉक अध्यक्ष मुढ़ीपार कोमल साहू ,ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगढ़ ग्रामीण सुरेश सिन्हा ,सरपंच सरिता यदु ,भीखम सिन्हा ,घनश्याम सिन्हा सरपंच प्रतिनिधि मुढ़ीपार, कुम्भलाल सिन्हा, मंडलेस्वर के,सी,जी,भगवती प्रसाद सिन्हा कोषाध्यक्ष कलार समाज के,सी,जी, उदय सिन्हा,बिसहुवा सिन्हा ,दलेश्वर सिन्हा गुमान सिन्हा,श्रीकेस सिन्हा देवकान्त यदु,महेंद्र जंघेल,मुकेश श्रीवास्तव,घासीदास यादव,एवं समस्त सामाजिक गण उपस्थित रहे।

## सरकार बदल गई पर सड़क चौड़ीकरण की सूरत नहीं बदली

### वर्षों बाद भी नहीं बना नगर का सडक़ चौड़ीकरण, धूल से सराबोर नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिक परेशान-लगातार हो रहे सड़क में गंभीर हादसे



**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव में वर्षों से चल रहे सडक़ चौड़ीकरण का कार्य ठेकेदार द्वारा अधूरा छोड़ देने के चलते इस मार्ग में आवागमन करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. नगर के भीतर पूरे तीन किलोमीटर मार्ग पर जगह-जगह गड्ढों के चलते जहाँ वाहन चालक हादसों का शिकार हो रहे हैं, वहीं पूरा नगर धूल के चलते स्वास्थ्यगत परेशानियों से जूझ रहा है. लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले के डोंगरगांव शहर में बनाई जा रही सडक़ में गुणवत्ता को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं. महज तीन किलोमीटर की इस सडक़ के चौड़ीकरण के लिए जहाँ विभाग ने एक वर्ष का एक्सटेंशन तक दे दिया था लेकिन ठेकेदार लेखराम साहू और विभाग की उदासीनता और मनमानी के चलते आज तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है. एक ओर क्षेत्र में चल रहे अनेक कार्य बारिश के बाद तेज गति जारी हैं वहीं दूसरी ओर शहर की सबसे परेशान करने वाली इस सडक़ का कार्य बारिश के बाद अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है. पीडब्ल्यूडी विभाग को न ही आम नागरिकों को हो रही परेशानियों से सरोकार है और न अधिकारी इस ठेकेदार से इस महत्वपूर्ण काम को शीघ्र करवाने में रूचि ले रहे हैं. ऐसे में शासन-प्रशासन के प्रति आमजनों का रोष लगातार बढ़ रहा है.

पिछले पंचवर्षीय कार्यकाल में क्षेत्र के विधायक दलेश्वर साहू के ड्रीम प्रोजेक्ट का हवाला देकर डोंगरगांव शहर के स्टेट हाईवे में बगदई पुल से लेकर गांधी पेट्रोल पंप तक सडक़ का चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से शुरू कराया गया है लेकिन सड़क डामरीकरण कछुआ गति से चल रहा यह कार्य डोंगरगांव नगर वासियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है. आलम यह है कि बदनामी के डर से आज तक वर्षो पूर्व प्रारंभ इस कार्य की जानकारी का विभागीय बोर्ड तक कहीं नहीं लगाया गया है. सरकार बदलने के बाद इस कार्य में तेजी की उम्मीद की गई थी किन्तु वहीं ढाक के तीन पात की स्थिति बनी हुई है.

**वाहन चालकों को हो रहा है बड़ा नुकसान :**

नगर के भीतर स्टेट हाईवे में वर्षों से निर्माणाधीन सडक़ में दुर्घटनाओं का दंश वाहन चालक झेल रही रहे हैं, इसके साथ ही बड़े-बड़े गड्ढों के चलते सडक़ में गाडिय़ों में लगातार नुकसान हो रहा है और महंगी गाडिय़ों में टूटफूट के चलते वाहन मालिक काफी परेशान हो चले हैं. इस निर्माणाधीन सडक़ में हुई दुर्घटनाओं में अनेक मौतें हो चुकी हैं फिर भी विभाग कुंभकरणीय नींद से नहीं जागा है. बगैर किसी प्लानिंग के हो रहे इस निर्माण कार्य में आये दिन कुछ-न-कुछ परेशानियों से वास्ता राहगीरों को पड़ रहा है. विगत बारिश में अस्त-व्यस्त डिवाईडर के चलते पूरा स्टेट हाईवे जाम हो गया था, जिसे कुछ स्थानों पर तोडऩे के घंटों बाद यातायात बहाल हो पाया था.

**सरकार बदल गई पर सडक़ की स्थिति अब भी वहीं :**

मात्र साढ़े तीन किलोमीटर का यह निर्माण डोंगरगांव वासियों के लिए चुनाव का मुद्दा बना हुआ था किन्तु सरकार बदल गई पर सड़क की सूरत नहीं बदल पाये. सरकार बदलने के बाद यही नुमाइंदे सडक़ निर्माण में हो रहे देरी को लेकर कुछ समय पूर्व सडक़ में बैठकर आंदोलन किया था और कार्य प्रारंभ कर तेजी से काम नहीं करने की स्थिति में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी थी किन्तु हमेशा की तरह ने नगर को अपने हाल पर छोड़ दिया. वहीं भाजपा के नेता भी इस मामले में अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं देते हैं. आमजनों को अपने हाल में छोडक़र कुंभकरणीय नींद में सोए शासन-प्रशासन को जगाने के लिए सडक़ चौड़ीकरण मामले में एक बड़ा जनआंदोलन हो जाये तो किसी को कोई आश्चर्य नहीं होगा.



# मेटास कंपनी के कर्मचारी कविंद्र साहू ने अपने सुपरवाइजर टूम्मन साहू के खिलाफ अन्य कर्मचारियों के हस्ताक्षर के साथ जिलाधीश को सौंपा ज्ञापन

## मेटास के सफाई कर्मचारी कविंद्र साहू ने सुपरवाइजर टूम्मन साहू पर अवैध व्यवहार और काम के दौरान प्रताड़ित करने का आरोप लगाया,क्या वजह हैं छह वर्षो में अन्य ठेकेदारो का टेंडर पास

### छह वर्षो से संचालित एक ही मेटास कम्पनी से किसको लाभ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय जिला चिकित्सालय बसंतपुर में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारियों और कंपनी के सुरक्षाकर्मियों का जमकर शोषण हो रहा है। कंपनी के सफाई कर्मचारियों से रहा नहीं गया तो उन्होंने संयुक्त पत्र में कंपनी के सुपरवायजर के खिलाफ कलेक्टर से नामजद शिकायत कर दी है। दूसरी तरफ जिला चिकित्सालय में कार्यरत कंपनी के सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा अपने साथ हो रहे शोषण के खिलाफ आवाज बुलंद करने की तैयारी की जा रही है। जिला सरकारी अस्पताल बसंतपुर में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारी जागेश्वर प्रसाद, नितेश देवांगन, धनंजय दास, कविंद्र साहू, नूतन, वासुदेव यादव, शैलेंद्र कोसा, शशि बाई, सुधा मंडावी, जितेंद्र साहू, नितेश साहू, दुर्गा रजक, रोशन लाल, शिवानी रजक, आकाश, संध्या यादव, टुमन लाल, गौतम यादव और मधुमती मिश्रा ने संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र में कलेक्टर को बताया है कि उनके सुपरवायजर टुम्मन साहू पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए ड्यूटी लगाई जाती है। 8 से 9 घंटा ड्यूटी मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पेंड्री में कार्यरत मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारी भी देते हैं। इसके बावजूद उनकी मासिक पगार 9300 और जिला सरकारी अस्पताल में कार्यरत इस कंपनी के सफाई कामगारों का मानदेय 8300 रूपए है, जिसमें विषमता है। कर्मचारियों के पैसों को लेकर गड़बड़ी सुपरवायजर ही करता है। शिकायत में यह भी बताया गया है कि उक्त



सुपरवायजर सफाई कर्मचारियों को सफाई के अलावा दूसरे कार्य करने के लिए विवश करता है। सुपरवायजर के रवैया से उन्हें मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है, उनके खिलाफ जिम्मेदार अधिकारियों से मौखिक शिकायत किए जाने के बाद भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है। शिकायत करते हुए कर्मचारियों ने कलेक्टर से सुपरवायजर तुमन साहू के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि श्रम न्यायालय और जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन को भी दिए जाने की जानकारी दी है। कविंद्र साहू ने कहा सफाई कर्मी पूनम साहू व चन्द विजय साहू ऑपरेशन थियेटर में कई सालों से जमे हुऐ है, जबकि सफाई कर्मचारियों का आपरेशन थियेटर में कोई कार्य नहीं हैं। जानकारी के अनुसार शासकीय जिला चिकित्सालय में 30 से 35 वार्ड ब्वाय, आया आदि के रहते हुए भी ठेके पर काम करने वाली मेटास कंपनी के सफाई कर्मचारियों से ऑपरेशन थिएटर में भी काम लिया जा रहा है। इस स्थिति में ऑपरेशन कक्ष में संक्रमण का खतरा बना हुआ है। वहीं कंपनी के कर्मियों से सुरक्षा ड्यूटी के अलावा मरीज को स्ट्रेचर पर लेटाकर लाने ले जाने का भी काम कराया जा रहा है, यदि इस दौरान मरीज को या चिकित्सालय के बहुमूल्य उपकरणों को कोई नुकसान पहुंचता है तो जिम्मेदार कौन होगा? बताया जा रहा है कि अस्पताल में मेटास कंपनी के सफाई कामगारों और सुरक्षा कर्मियों के रहते अस्पताल के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों वार्ड ब्वाय, आया आदि को जमकर आराम फरमाने का अवसर मिल रहा है।

## सायबर शिक्षा फॉर साइबर सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 23 नवम्बर को डोंगरगांव के शासकीय आत्मानंद विद्यालय में क्रिक हिल फाउंडेशन के संपूर्ण



तत्वाधान में तथा(सेंट्रल फॉर यूथ डेवलपमेंट एंड एक्टिविटीज) के सहयोग से शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के सायबर वॉरियर्स वेदित्य कोर्राम एवं प्रिय निषाद द्वारा सायबर सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक करना और उन्हें ऑनलाइन खतरे से बचने का तरीका सिखाना था। विशेषज्ञ वॉरियर्स ने सायबर अपराध के बारे में बताया और अपने डेटा सुरक्षा के लिए जानकारी दी, और यह भी बताया कि अपराध हो जाने पर कहां अपनी शिकायत दर्ज कराया जाए। इन्होंने साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम के मुख्य बिंदु - साइबर अपराध के प्रकार,सोशल मीडिया के खतरे, जुड़े फ्रॉड, डेटा सुरक्षा के उपाय, इंटरनेट का प्रयोग, ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खतरे, साइबर सुरक्षा के नियम। और साथ में यह भी बताया कि सायबर अपराध होने पर 1930 में कॉल कर व में रिपोर्ट कर अपनी शिकायत दर्ज कराए।इस अवसर पर शाला के प्राचार्य बी. एल. देवांगन, व्याख्याता वाय.आर. कोठारी व शिक्षक, शिक्षिकाओं ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। साइबर वॉरियर वेदित्य कोर्राम एवं टीम द्वारा विगत वर्षों से डोंगरगांव क्षेत्र में आने वाले समग्र शासकीय अशासकीय विद्यालयों में यह कार्यक्रम पूर्ण कराया गया है। एवं सभी को यह संदेश दिया गया कि जागरूकता ही सायबर अपराध से बचने का सर्वोत्तम तरीका है।

# दीपावली मिलन समारोह भव्य आयोजन योगा हॉल में संपन्न हुआ

### प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा किया गया

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आज दिनांक 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन पुष्पवाटिका योगा हॉल में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम भगवान श्री नारद जी एवं माता सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप पूजन से प्रारंभ किया गया। संस्था के अध्यक्ष शेखर यादव द्वारा दीपावली मिलन के अवसर पर सभी एक पत्रकार एकजुट होकर एक दूसरे की मदद करते हुए आगे बढ़े। इस अवसर पर मान. मधुसूदन यादव पूर्व सांसद भी उपस्थित रहे उन्होंने संगठन को आगे बढने् और कार्य करने हेतु




प्रोत्साहन किया और दीपावली मिलन पर बधाई दी। शरद तिवारी, कमलेश स्वर्णकार, खेमराज वर्मा, कमल सोनी, शुभम उपाध्याय, दीपक साहू, राजू सोनी, तुलसी साहू, मो. अरसद कुरैशी, दीपक यादव, योगेश सोनी, राजू गुप्ता, दिनेश नामदेव, सतीश गुप्ता, सौरभ ताम्रकार, सुरेन्द्र गुप्ता, शशि देवांगन, किशोर गुप्ता, महादेव चंदेल, रेखा सावरकर, शमशाद बानो, किरण सुलेमान, महेश्वर साहू, राजेश चौथवानी, संजय सोनी, गौतम कोटडिया, सतीश ढीवर, मनोज देवांगन, दीपक यादव, महेन्द्र शुक्ला, मनोज राठौर, हमीदा कुरैशी, नीलम सोनी एवं संगठन के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सचिव तरूण सोनी, कोषाध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, मीडिया प्रभारी विवेकानंद देवांगन, सदस्य - नीतिन हिवरेकर, उत्तम कोसरिया,प्रवीण यादव, संतोष सहारे, आशीष साहू सभी ने आभार व्यक्त किया।

# बैग निर्माण से परिवार निर्माण के मूलमंत्र से हजारों महिलाओं की जिंदगी बदलने वाली महिला उद्यमी रचना शर्मा



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जब आप किसी की वाकई मदद करना चाहते हैं तो आप उनके हाथों को हुनरमंद बनाकर उन्हें खुशहाली की राह दिखा सकते हैं। कुछ ऐसा ही कर रही हैं महिला उद्यमी रचना शर्मा जी जो न सिर्फ महिलाओं को बैग बनाने का प्रशिक्षण दे रही हैं बल्कि इन बैग को अंतरराष्ट्रीय बाजार भी मुहैया करा रही हैं। उनका कहना है कि अपने काम में ईमानदारी उम्मीद से ज्यादा परिणाम देती है। हमारे साथ जुड़ी सभी महिलाएं आज आर्थिक तरक्की की राह पर हैं। सेवा, समर्पण और अनुशासन का सामंजस्य इस महिला उद्यमी के काम में झलकता है। आज अपनी दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत से उन्होंने हजारों महिलाओं की जिंदगी बदल दी है। गौरतलब है कि श्रीमती रचना शर्मा जी ने इस सफर की शुरुआत बहुत ही साधारण स्तर से की थी, लेकिन उनकी कड़ी मेहनत और सकारात्मक सोच ने इसे एक बड़े मुवमेंट में बदल दिया। उनके विजन ने उन महिलाओं को एक मंच दिया जो कभी अपने सपनों को पूरा करने में असमर्थ थीं। आज ये महिलाएँ न केवल अपने परिवार का सहारा बन रही हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी प्रेरित कर रही हैं। श्रीमती रचना शर्मा कहती है कि हर महिला में एक अनोखी क्षमता होती है। जरूरत है उसे पहचानने और सही दिशा में उसे विकसित करने की। मैं चाहती हूं कि हर महिला अपने पैरों पर खड़ी हो ताकि वह अपने सपने पूरे कर सके। जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो हमारे समाज और देश का विकास सुनिश्चित होगा। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले की रहने वाली रचना शर्मा ने रुचि महिला मंडल के जरिए महिलाओं को आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है। उनका यह सफर आसान नहीं था। शुरुआत में उन्हें काफी संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वे कहती हैं कि अपनी टीम की सामूहिक ताकत



से हम इस कारोबार में भी अपनी दक्षता साबित कर रहे हैं। हम हमेशा बदलते बाजार पर नजर रखते हैं। हम हर दिन को एक नई चुनौती के रूप में लेते हैं। और खास बात यह है कि हम सब मिलकर बहुत मेहनत करते हैं। रचना शर्मा का प्रयास इस बात का उदाहरण है कि कैसे एक छोटी सी शुरुआत बड़े बदलाव ला सकती है। उनकी कहानी हमें सिखाती है कि अगर इरादे मजबूत हों और उद्देश्य स्पष्ट हो, तो कुछ भी असंभव नहीं है। उनकी प्रेरक यात्रा हमें बताती है कि बदलाव लाने के लिए पहल करना ज़रूरी है।

## महिला स्व सहायता समूहों को मिला 1.59 करोड़ रुपए का लोन: नए व्यवसाय के द्वार खोलेंगे ग्रामीण महिलाएँ

**कवर्धा।** जनपद पंचायत पंडरिया के सामुदायिक भवन में आयोजित बैंक लिंकेज कैंप में महिला स्व सहायता समूहों को व्यवसाय संवर्धन के लिए 1 करोड़ 59 लाख रुपए का लोन दिया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके व्यवसायिक गतिविधियों को बढ़ावा देना था। भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री



आलोक रंजन की उपस्थिति में लोन वितरण किया गया। इस वित्तीय सहायता से महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों को आगे बढ़ाने के लिए सहायता मिलेगी, जिनमें अगरबत्ती निर्माण, मछली पालन, गुड़ उद्योग, किराना दुकान, बकरी पालन, कृषि कार्य, आटा चक्की, मिनी राईस मिल, और मोटर बैंडिंग जैसे कार्य शामिल हैं। कुल 60 महिला समूहों को इस शिविर में ऋण राशि प्रदान की गई। पहले डोज में 34 समूहों को 51 लाख रुपए, दूसरे डोज में 16 समूहों को 48 लाख रुपए और तीसरे डोज में 10 समूहों को 10 लाख रुपए का लोन दिया गया।कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने कहा-च्बिहान योजना से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसरच्कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि महिला स्व सहायता समूहों को वित्तीय सहायता देने से न केवल उनके व्यवसाय बढ़ेंगे, बल्कि यह योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान भी देगी। महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाने में ज्बिहान योजनाज् एक प्रभावी कदम है।

## सप्ताह के सितारे (25 नवंबर 2024)

### दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 2 - 4 - 6 | 14-41-16-61-46-64 |
| मंगल | 1- 3 - 4 - 8 | 13-31-14-41-34-43 |
| बुध | 3 - 4 - 7 - 0 | 47-74-40-04-30-03 |
| गुरू | 2- 5 - 6 - 0 | 60-06-10-01-50-05 |
| शुक्र | 3 - 4 - 5 - 6 | 35-53-36-63-45-54 |
| शनि | 2 - 4 - 6- 8 | 46-64-48-84-39-93 |

अंकों का बादशाह -8 सप्ताह में अचूक 2 - 7 - 8 - 9
सप्ताह का वरदान -5 स्पेशल - 35- 76 -80 -95

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 12 - 17 - 18 - 19 | (6) 62 - 67 - 68- 69 |
| (2) 22 - 27 - 28 - 29 | (7) 72 - 77 - 78 - 79 |
| (3) 32 - 37 - 38 - 39 | (8) 82 - 87 - 88 - 89 |
| (4) 42 - 47 - 48 - 49 | (9) 92 - 97 - 98 - 99 |
| (5) 52 - 57 - 58 - 59 | (10) 02 - 07 - 08 - 09 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 62-10-49-51-19-56 | 43-42-21-29-18 |
| ** ** ** ** ** * | ** ** ** ** ** |
| **-**-80-52-84-87 | **-**-11-95-94 |
| 51-91-41-57-19-95 | 58-44-72-30-31 |
| 05-90-74-06-19-63 | 99-02-79-27-60 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# कबीरधाम जिले में पीएम जनमन और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यों का गहन निरीक्षण, गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष ध्यान

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुसाय के मार्गदर्शन और उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की विशेष निगरानी में कबीरधाम जिले में सड़क निर्माण और रखरखाव कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों को सख्त दिशा-निर्देश दिए गए। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक श्री हरि ओम शर्मा ने पिछले दिनों कबीरधाम जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना और मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का गहन निरीक्षण किया। साथ ही, ठेकेदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई और आगामी कार्यों के लिए स्पष्ट निर्देश दिए गए। कबीरधाम जिले में पीएम जनमन योजना के तहत कुल 47 सड़कों को मंजूरी दी गई थी, जिनमें से 13 सड़कों का कार्य फॉरेस्ट एरिया में होने के कारण अटका हुआ है। मुख्य अभियंता श्री हरि ओम शर्मा ने शेष 34 सड़कों की प्रगति का बारीकी से निरीक्षण किया और ठेकेदारों को निर्देश दिए कि मार्च 2025 तक सभी सड़कों को पूर्ण करें। इसके साथ ही, उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देने की हिदायत दी, ताकि इन योजनाओं के तहत निर्मित सड़कें जल्द से जल्द आम जनता के लिए उपयोगी हो सकें। मुख्य अभियंता ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तीन-स्तरीय जांच प्रणाली पर जोर दिया। उन्होंने ठेकेदारों को किसी भी स्थिति में गुणवत्ता से समझौता न करने की चेतावनी दी और यह भी बताया कि गुणवत्ता की जांच के लिए राष्ट्रीय और राज्य स्तर के गुणवत्ता समन्वयक लगातार निगरानी करेंगे। निरीक्षण के दौरान बोड़ला और पंडरिया विकासखंड में चल रहे संधारण और निर्माण कार्यों का भी विस्तृत जायजा लिया गया। इन क्षेत्रों में सड़कों के रखरखाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित सड़कों की 5 वर्षों की संधारण अवधि ठेकेदारों की जिम्मेदारी है, जिसमें उन्हें पैच रिपेयर, पॉट होल्स, झाड़ियों की सफाई और पुल-पुलियों की मरम्मत करनी होती है। बैठक में कार्यपालन अभियंता श्री संतोष कुमार ठाकुर, श्री सुरेन्द्र पटेल, सहायक अभियंता श्री संतोष गुप्ता, और अन्य विभागीय अधिकारी एवं ठेकेदार उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की सतत निगरानी में सड़क निर्माण और रखरखाव कार्यों में गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे आने वाले समय में कबीरधाम जिले की सड़कें मजबूत, सुरक्षित और सुविधाजनक होंगी।



# एकनाथ शिंदे की ऐतिहासिक जीत, महाराष्ट्र में मतदाताओं ने पाप और पुण्य को समझा - शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द : सरस्वती

**वाराणसी।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में गोभक्त एकनाथ शिन्दे की जीत पर ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती ने प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि मतदान से पाप-पुण्य के विचार को महाराष्ट्र की जनता ने समझा व गोभक्त श्री एकनाथ शिन्दे जी को भारी मतों से विजयी बनाया।

**हर हिंदू को यह समझना जरूरी -**

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती जी ने कहा है कि हर हिन्दू को यह समझने की है आवश्यकता कि गौ-हत्या को जारी रखने वाले राजनीतिक दलों और उनके प्रत्याशियों को मतदान करने से गौहत्या का पाप मतदाता को भी लगता है।

**महाराष्ट्र की जनता ने गौ-भक्त का दिया साथ -**

शंकराचार्य ने यह भी कहा है महाराष्ट्र की जनता ने गौभक्त एकनाथ शिन्दे को भारी मतों से विजयी बनाकर यह साबित किया है कि वे गौहत्या के विरोधी हैं और गौरक्षा के समर्थक हैं।

**यह एकनाथ शिन्दे की नही, गौरक्षा की जीत -**

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती ने कहा है कि यह जीत न केवल एकनाथ शिन्दे जी की जीत है, बल्कि यह गौरक्षा की जीत है, यह हिन्दू समाज की जीत है। महाराष्ट्र की जनता ने यह साबित किया है कि वे गौहत्या के विरोधी हैं और गोरक्षा के समर्थक हैं। यह एक अच्छा संकेत है और यह देश के लिए एक अच्छा दिन है।

**एकनाथ शिन्दे को शंकराचार्य ने दी बधाई -**



शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानन्द: सरस्वती ने एकनाथ शिन्दे जी व महाराष्ट्र की जनता को बधाई दी है और कहा है कि यह जीत गौरक्षा के लिए एक अच्छा संदेश है।

**शिंदे ही मुख्यमंत्री रहें तो अच्छा -**

एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में महायुति को एक ऐतिहासिक विजय मिली है, और देश की बहुसंख्यक जनता का भरोसा उनमें परिलक्षित हुआ हैं। यह उनकी नेतृत्व क्षमता और लोकप्रियता का प्रमाण है।

एकनाथ शिंदे जी के नेतृत्व में महायुति ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं, वे वास्तव में प्रशंसनीय हैं। उनकी नीतियों और कार्यक्रमों ने जनता का दिल जीता है, और उनकी लोकप्रियता दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। एकनाथ शिंदे जी को मुख्यमंत्री बनाए रखने से न केवल महायुति को मजबूती मिलेगी, बल्कि जनता की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी पूरा किया जा सकेगा।

**बहुसंख्यक हिन्दुओं की धार्मिक भावना को समझने वाले को प्रोत्साहित करना उचित -**

बहुसंख्यक हिन्दुओं की धार्मिक भावना को समझने वाले नेताओं को प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है। हमें लगता है कि जो कार्य गौमाता के संदर्भ में एकनाथ शिंदे जी ने किया है, वह देश का कोई राजनेता अब तक नहीं कर सका था। श्री एकनाथ शिंदे जी ने गौमाता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और समर्पण का परिचय दिया है, जो देश के बहुसंख्यक हिन्दुओं की धार्मिक भावना को समझने और सम्मान करने का प्रतीक है। हमें लगता है कि ऐसे नेताओं को प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है, जो देश की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को समझते हैं और उसका सम्मान करते हैं।

nandgaon times 25nov-03.qxd 11/24/2024 10:23 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) बिम्सटेक ऊर्जा केंद्र कहाँ स्थापित किया जाएगा?*
*2) हाल ही में, किस बैंक ने रियल टाइम इंटरनेशनल मनी ट्रांसफर ट्रेकिंग की शुरूआत की है?*
*3) सी विजिल-24 अभ्यास के चौथे संस्करण का आयोजन किसके द्वारा किया जा रहा है?*
*4) हलेबिडु और बेलूर मंदिर का निर्माण किस राजवंश ने किया था?*
*5) हाल ही में चर्चा में रही सोहराई पेंटिंग का संबंध किससे है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) बेंगलुरू (2) आईडीएफसी फर्स्ट बैंक (3) भारतीय नौसेना (4) होयसल (5) झारखण्ड

# पुरी शंकराचार्यजी के आगामी प्रवास की मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी जानकारी

**अरविन्द तिवारी**

**जगन्नाथपुरी ( नांदगांव टाइम्स )।** ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर एवं हिन्दू राष्ट्र प्रणेता अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज अपनी प्रयागराज प्रवास पूर्ण कर 24 नवम्बर रात्रि में प्रयागराज एक्सप्रेस से प्रस्थान कर आज 25 नवम्बर को प्रात:कालीन सत्र में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचे। रेल्वे स्टेशन में भव्य स्वागत पश्चात वे डॉ0 मुकेश अग्रवाल के निवास स्थल सेक्टर 04 , वैशाली , गाजियाबाद प्रस्थान किये। यहां दो दिवसीय 25 एवं 26 नवम्बर को प्रात:कालीन सत्र में साढ़े ग्यारह बजे निवासस्थल पर दर्शन / दीक्षा एवं संगोष्ठी आयोजित है , जिसमें सभी सनातनी राष्ट्रभक्त अपनी समष्टि हित में चिन्तन फलस्वरुप उत्पन्न जिज्ञासाओं का पुरी शंकराचार्यजी से वेद सम्मत समाधान प्राप्त करेंगे। वहीं भजन संध्या कार्यक्रम के बारे में श्रीमती पूनम सिंह ने अरविन्द तिवारी को बताया कि आज ही शाम को चार बजे से माधवी मधुकर एवं मधुरम बृंद मंडली द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की जायेगी। इसी कड़ी में श्रीगोवर्धन मठ से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरी शंकराचार्यजी आज 25 नवम्बर को सायंकालीन सत्र में सायं पांच बजे से इन्द्रप्रस्थ इंजीनियरिंग इन्सटिट्युट आडिटोरियम , साहिबाबाद में विशाल हिन्दूराष्ट्र धर्मसभा में आध्यात्मिक संदेश प्रदान करेंगे , जो सर्वहितप्रद के साथ - साथ वैज्ञानिक / व्यावहारिक तथा दार्शनिक धरातल पर सर्वोत्कृष्ट तथा प्रासंगिक होगा। यहां आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात पुरी शंकराचार्यजी कल 26 नवम्बर को रात्रि आठ बजे निवासस्थल गाजियाबाद से प्रस्थान कर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे तथा रात्रि दस बजे होशियारपुर एक्सप्रेस द्वारा होशियरपुर (पंजाब) प्रस्थान करेंगे। यहां श्रीविमलाम्बा शक्ति संस्थानम् , टांडा रोड, हरदोखानपुर , होशियारपुर में पूज्य पुरी शंकराचार्यजी 27 नवम्बर से 07 दिसम्बर तक निवासरत रहेंगे। जहां प्रत्येक दिन पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे दर्शन / दीक्षा / संगोष्ठी तथा सायं पांच बजे दर्शन के साथ ही आध्यात्मिक संदेश श्रद्धालुओं को श्रवण करने का सुअवसर प्राप्त होगा। यहां आयोजित सभी कार्यक्रमों की समाप्ति पश्चात महाराजश्री अपनी राष्ट्रव्यापी राष्ट्र रक्षा अभियान के अगले चरण के लिये प्रस्थान करेंगे। गौरतलब है कि अपने प्रयागराज प्रवास में विभिन्न सत्रों में पुरी शंकराचार्यजी ने उद्धृत किया कि खालिस्तान आंदोलन गुरु गोविंद सिंहजी के भावना के विपरीत है क्योंकि उन्होने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये ही खालसा पन्थ की स्थापना की थी।



जैन / सिख एवं बौद्ध हिन्दूओं के अभिन्न अंग हैं। हिन्दुओं के सुरक्षित रहने पर ही सभी धर्मावलम्बी सुरक्षित रह सकेंगे , क्योंकि हिन्दू धर्म के मूल में सम्पूर्ण मानवता की रक्षा एवं विश्व कल्याण की भावना समाहित है। आज सम्पूर्ण विश्व उन्माद तन्त्र के कारण विनाश की ओर अग्रसर हो रहा है , यदि विभिन्न शासकवर्ग पुरी शंकराचार्यजी द्वारा समय समय पर उद्बोधित संदेशों पर अमल करना आरम्भ करें तो पूरे विश्व में शान्ति और समन्वय स्थापित हो सकता है। इसकी जानकारी श्रीसुदर्शन संस्थानम , पुरी शंकराचार्य आश्रम / मीडिया प्रभारी अरविन्द तिवारी ने दी।

## सड़क हादसा रोकने हाईवे पर हेलमेट-सीट बेल्ट होगा अनिवार्य, निर्देश जारी

**धीरज तिवारी**



**रायपुर ।** रायपुर प्रदेश में सड़क हादसा रोकने के लिए हाइवे में दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और कार में सीट बेल्ट लगाना पड़ेगा। राज्य पुलिस के अधिकारियों ने इसे अनिवार्य करने प्रस्ताव तैयार किया है। छत्तीसगढ़ के रायपुर प्रदेश में सड़क हादसा रोकने के लिए हाइवे में दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और कार में सीट बेल्ट लगाना पड़ेगा। राज्य पुलिस के अधिकारियों ने इसे अनिवार्य करने प्रस्ताव तैयार किया है। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की 29 नवंबर को होने वाली बैठक के दौरान सीएम विष्णुदेव साय के समक्ष इसे रखा जाएगा। साथ ही अनुमति मिलते ही सती से इसे लागू किया जाएगा। बताया जाता है कि लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों को देखते हुए ट्रैफिक्र नियमों का पालन नहीं करने वालों के खिलाफसती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। इसके लिए पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारियों को सभी जिलों में संयुक्त रूप अभियान चलाने कहा गया है। बता दें कि अब तक करीब 12000 सड़क हादसों में 10000 से ज्यादा घायल और करीब 6000 लोगों की मौत हो चुकी है। इसमें अधिकांश हादसे लापरवाहीपूवर्क वाहन चलाने, ओवर स्वीडिंग और ट्रैफिक्र नियमों का पालन नहीं करने के कारण होते हैं। राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में पुलिस, परिवहन, पीडब्ल्यूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल होंगे।

# मिनी स्टेडियम के निर्माण में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्य बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

## जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्वीकृत 24 मिनी स्टेडियमों की समीक्षा, गुणवत्ता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश

**कवर्धा।** कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने जिले में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत स्वीकृत मिनी स्टेडियमों के निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि मिनी स्टेडियम युवाओं के भविष्य से जुड़े हुए हैं। इन कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही, अनियमितता या गुणवत्ताहीन कार्य हरगिज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मिनी स्टेडियम केवल खेल को बढ़ावा देने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण युवाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने और उन्हें राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने का जरिया भी हैं। ये स्टेडियम युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास के नए अवसर प्रदान करेंगे।उन्होंने कहा कि निर्माण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी सहन नहीं की जाएगी। सभी परियोजनाएं तय समय-सीमा में पूरी होनी चाहिए। निर्माण कार्य प्रारंभ से समापन तक उच्चतम गुणवत्ता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।



कलेक्टर ने बैठक में सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। यदि गुणवत्ताहीन निर्माण की शिकायत मिली, तो इसकी तत्काल जांच की जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदारों पर कठोर कार्रवाई होगी, और भविष्य में उन्हें सरकारी निर्माण कार्यों से वंचित किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यों में पारदर्शिता और समयबद्धता बनाए रखना अनिवार्य होगा। कार्य में देरी या अनियमितता पाए जाने की स्थिति में संबंधित एजेंसी का भुगतान रोकने का निर्देश भी दिया गया।

**24 गांवों में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति**

इस योजना के तहत जिले के दौजरी, बदरा डीह, बैजलपुर-मक्के, उसरवाही, झलमला, चिल्फी, खैरबना, बंदरची, जिटाटोला, खारा, सूरजपुरा, बदौड़ा खुर्द, सिघनपुर जंगल, दुल्लापुर, घुघरिकल, पवंतरा, नेवारी, तीतरी, सिल्हाटी, अमलीडीह, भोंदा, काँपा, कामड़बरी और नेउर गांव खुर्द में मिनी स्टेडियम बनाए जाएंगे।

**12.29 करोड़ रुपये की मंजूरी, कार्य में तेजी का निर्देश**

आरईएस विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री आई.पी. सोमनकर ने बताया कि जिले के 24 गांवों में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए राज्य शासन द्वारा ?12.29 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं। प्रत्येक मिनी स्टेडियम के निर्माण पर लगभग ?51 लाख की लागत आएगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वर्क ऑर्डर भी जारी कर दिए गए हैं।

**खेल सुविधाओं का विस्तार और युवाओं के लिए अवसर**

मिनी स्टेडियम निर्माण का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल के लिए उपयुक्त बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इन स्टेडियमों में स्थानीय स्तर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा सकेगा, जिससे बच्चों और युवाओं को अपने खेल कौशल को निखारने का अवसर मिलेगा। इन मिनी स्टेडियमों में फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी जैसे खेलों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले मैदान और सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

## सरगुजा संभाग के जिलों में कड़ाके की ठंड

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में उत्तर से आ रही हवाओं के कारण ठंड लगातार बढ़ती जा रही है। सरगुजा संभाग के जिलों में कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री और पहाड़ी इलाकों में न्यूनतम तापमान 7 डिग्री पर पहुंच गया है, जो अभी सबसे ज्यादा ठंडा है। लोग गर्म कपड़े और अलाव का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम, रायपुर और बस्तर संभाग में न्यूनतम तापमान सामान्य रहा। अगले 3 दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। सरगुजा संभाग के जिलों में बीते एक सप्ताह से पड़ रही ठंड ने लोगों की हालत खराब कर दी रहै। दिसंबर जनवरी के महीने में पड़ने वाली ठंड नवंबर में ही पड़ रही है। प्रदेश में सबसे कम पारा अंबिकापुर में रिकॉर्ड किया गया।

## मजबूर

जब मजबूर हो जाता पिता,
नसीहत देना बंद कर देता।
कल तक तुम्हारे लिए जीता,
अब बदौलत तुम्हारे ही जीता।
हर बार शब्द कड़वे पीता,
रोपे पौधे देख वह पनपता।
चाहे उनमें काटें ही क्यों न हो,
फिर भी उनसे प्रेम रस पीता।

**गजेन्द्र बख्शी,**
**रिद्धि सिद्धि कालोनी फेस 3**
**राजनांदगांव**

# वनांचल क्षेत्र की गर्भवती माताओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर, 106 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच

**कवर्धा।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश तथा कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर आज जिले के बोडला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आए सभी प्रकार के मरीजों की जानकारी सीएमएचओ डॉ. बी.एल. राज, जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. केशव ध्रुव और बीएमओ डॉ. विवेक चंद्रवंशी ली। शिविर का उद्देश्य दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना था। अगला शिविर 25 नवंबर को चिल्फी में आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य शिविर में बोडला, पोड़ी, बैजलपुर, राजनवगांव, और तरेगांव जैसे आसपास के गांवों से चिन्हित उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को 102 महतारी वाहन के माध्यम से शिविर तक लाया गया। स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित महिलाओं को शिविर में शामिल कर उनके स्वास्थ्य की व्यापक जांच की गई।

**विशेषज्ञों की देखरेख में जांच और उपचार**

शिविर में 106 गर्भवती महिलाओं की निशुल्क सोनोग्राफी जांच की गई। इसके अलावा, सभी महिलाओं का सीबीसी, ब्लड प्रेशर, वजन, और स्क्रिनिंग जांच भी की गई। चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश साहू और रेडियोलॉजिस्ट डॉ. वी. गोपाल कृष्णा की देखरेख में यह जांच पूरी की गई। शिविर को सफल बनाने में शिवगोपाल सिंह ठाकुर और विकासखंड की पूरी टीम ने भी विशेष योगदान दिया।



**पहले भी आयोजित हुए शिविर**

वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पहले भी इस प्रकार के शिविर आयोजित किए गए हैं। 19 जुलाई को झलमला, 7 अक्टूबर को तरेगांव, और 8 अक्टूबर को रेंगखार में शिविरों का आयोजन किया गया। आज बोडला में शिविर आयोजित हुआ, जबकि अगला शिविर 25 नवंबर को चिल्फी में आयोजित किया जाएगा।

**गर्भवती माताओं से सीधा संवाद**

शिविर में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने गर्भवती महिलाओं से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं को समझा। नितेश अग्रवाल ने माताओं से बातचीत कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस प्रकार के शिविर दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम साबित हो रहे हैं।

**महिला और शिशु स्वास्थ्य पर केंद्रित प्रयास**

राज्य शासन का यह प्रयास महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शिविरों के माध्यम से न केवल जटिलताओं का समय रहते पता लगाया जा रहा है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य सुविधाओं के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। वनांचल क्षेत्रों में इस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराना क्षेत्र की स्वास्थ्य संरचना को मजबूत करने में सहायक है।

## धर्म समाचार....

# कब और कैसे हुई रुद्राक्ष की उत्पत्ति और क्यों ज्योतिष पहनने की देते हैं सलाह?




सनातन धर्म में त्रिदेव की विशेष पूजा की जाती है। इनमें भगवान शिव के उपासकों की संख्या सबसे अधिक है। भगवान शिव की पूजा करने वाले साधकों को शैव कहा जाता है। वहीं, भगवान विष्णु की पूजा करने वाले साधकों को वैष्णव कहा जाता है। जबकि, ब्रह्म देव की पूजा करने वाले उपासक निर्गुण विचारधारा के होते हैं। धार्मिक मत है कि भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना शीघ्र पूरी होती है। विधि के विधान में भी भगवान शिव बदलाव कर सकते हैं। अत: साधक सम और विषम दोनों स्थिति में भगवान शिव की पूजा करते हैं। सोमवार का दिन भगवान शिव को अति प्रिय है। इसके लिए सोमवार के दिन भगवान शिव संग मां पार्वती की पूजा की जाती है। इसके साथ ही सोमवार का व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत को करने से साधक पर महादेव की कृपा बरसती है। ज्योतिष दुख और संकट दूर करने के लिए रुद्राक्ष धारण करने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आपको पता है कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति कैसे हुई है और कब रुद्राक्ष धारण करना शुभ होता है? आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-

**कैसे हुई रुद्राक्ष की उत्पत्ति ?**- पौराणिक ग्रंथों के अनुसार, चिरकाल में त्रिपुरासुर नामक असुर के अत्याचार से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर त्रिपुरासुर ने स्वर्ग पर अपना अधिपत्य जमा लिया था। इसके बाद सभी देवता ब्रह्मा जी के पास गए और उन्हें आपबीती सुनाई। तब देवता संग ब्रह्मा जी बैकुंठ लोक भगवान श्रीनारायण के पास पहुंचे। तब भगवान विष्णु ने उन्हें भगवान शिव से सहायता लेने की सलाह दी। सभी देवता भगवान शिव के पास पहुंचे। देवताओं को व्याकुल देख भगवान शिव बोले- आप चिंतित न हो। आप सभी की परेशानी अवश्य दूर होगी। यह कहकर भगवान शिव ध्यान में लीन हो गए। लंबे समय तक तप करने के बाद भगवान शिव ने आंखें खोलीं। उस समय भगवान शिव की आंखों से आंसू टपकने लगे। आंसू गिरने वाले स्थानों पर रुद्राक्ष के पेड़ उग गए। अत: रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसू से हुई है। रुद्राक्ष धारण करने से व्यक्ति की सभी परेशानी दूर हो जाती है। तत्कालीन समय में भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध कर तीनों लोकों में शांति स्थापित की।

**रुद्राक्ष पहनने के लाभ**- ज्योतिषियों की मानें तो एक मुखी रुद्राक्ष धारण करने से करियर को नया आयाम मिलता है। साथ ही कुंडली में सूर्य मजबूत होता है। वहीं, दो मुखी रुद्राक्ष धारण करने से मानसिक तनाव से मुक्ति मिलती है। साथ ही शुभ कार्यों में सफलता मिलती है। जबकि, तीन मुखी रुद्राक्ष धारण करने से पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है। सभी बिगड़े काम बनने लगते हैं। धर्म-कर्म में रूचि बढ़ती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ज्योतिषीय सलाह लेकर आप रुद्राक्ष धारण कर सकते हैं।

## मासिक शिवरात्रि के दिन करें इस स्तोत्र का पाठ, दुख और रोग से मिलेगी मुक्ति

पंचांग के अनुसार मार्गशीर्ष माह में मासिक शिवरात्रि व्रत 29 नवंबर को किया जाएगा। मान्यता के अनुसार इस व्रत को विधिपूर्वक करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही विवाह में आ रही बाधा से छुटकारा मिलता है। इस दिन पूजा के दौरान श्री शिव रक्षा स्तोत्र का पाठ करना फलदायी साबित होता है। हर माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि का पर्व मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि मासिक शिवरात्रि व्रत करने से मनचाहा वर मिलता है। साथ ही पत्नी-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं। इस दिन श्री शिव रक्षा स्तोत्र का पाठ करने से जातक के दुख, कष्ट, रोग और दरिद्रता का नाश होता है। साथ ही भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। आइए पढ़ते हैं श्री शिव रक्षा स्तोत्र और जानते हैं इस तिथि का शुभ मुहूर्त। मासिक शिवरात्रि शुभ मुहूर्त - पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 29 नवंबर 2024, प्रात: 08 बजकर 29 मिनट पर हो शुरू हो रही है। साथ ही इस तिथि का समापन 30 नवंबर को प्रात: 10 बजकर 29 मिनट पर होने जा रहा है। ऐसे में मासिक शिवरात्रि का व्रत 29 नवंबर को किया जाएगा।



nandgaon times 25nov-03.qxd 11/24/2024 10:23 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार चरणजीत सिंह ने जिले में बिहान के कार्यों का किया अवलोकन

**प्रत्येक परिवार को समूह के माध्यम से आजीविका से जोड़े : अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार, ग्राम अंजोरा, पदुमतरा, सुकुलदैहान में समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का किया निरीक्षण**









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री चरणजीत सिंह ने आज जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान मिशन संचालक सुश्री जयश्री जैन, अतिरिक्त मिशन संचालक श्री झा, कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, सीईओ सुश्री एलिस लकरा, प्रशासनिक अधिकारी श्री जायसवाल, एसपीएम श्री राजन सोनी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### अतिरिक्त सचिव समूह की महिलाओं से हुए रूबरू

### जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री चरणजीत सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत अंजोरा में 75 महिला स्वसहायता समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पादों गुरूचन्दन, गोपीचंदन, रोली कुमकुम जैसे अन्य उत्पादों को अवलोकन किया तथा समूह के सदस्यों एवं संकुल संगठन से आय-व्यय व सदस्यों को हो रहे लाभ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने ग्राम अंजोरा में श्री गणेशा हर्बल गुलाल यूनिट में पीपीपी मॉडल के तहत समूह की महिलाओं द्वारा बनाये जा रहे गुलाल, रोली, चंदन, कुमकुम, पूजन सामग्री के साथ ही व्यापक स्तर पर किए जा रहे पैकेजिंग यूनिट को देखा। वे जय बाबा कुटी स्वसहायता समूह एवं सखी संकुल संगठन की महिलाओं से रूबरू हुए। समूह की महिलाओं ने उन्हें बताया कि स्थानीय स्तर पर उन्हें रोजगार मिल गया है और अच्छी आमदनी मिल रही है। अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय श्री सिंह ने बिहान अंतर्गत जिले के मॉडल संकुल एवं सीएमटीसी संगठन आंचल संकुल संगठन पदुमतरा के कार्यालय का निरीक्षण किया तथा कार्यकारणी सदस्यों की बैठक, समूह के उत्कृष्ट उत्पादों का भी अवलोकन किया। उन्होंने समूह के उत्पादों के स्टॉल में मसाला, अगरबत्ती, पापड़, अचार, बैग, ज्वेलरी एवं अन्य उत्पादों का अवलोकन किया। पदाधिकारियों से संकुल के अब तक हुए आय-व्यय के संबंध में चर्चा की। बिहान संकुल अध्यक्ष ने बताया कि संकुल गठन से अब तक 1 करोड़ 18 लाख रूपए का शुद्ध लाभ एवं विगत वित्तीय वर्ष में 30 लाख रूपए की आय हुई है। इसके साथ ही संकुल के उद्देश्यों के संबंध में भी अवगत कराया गया। श्री चरणजीत सिंह ने आंचल संकुल संगठन के पदाधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रत्येक परिवार को समूह के माध्यम से आजीविका से जोड़े।अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार श्री चरणजीत सिंह ने आंचल संकुल संगठन में ही जिले की 20 लखपति दीदियों से बातचीत की। जिसमें लखपति दीदियों ने अपने लखपति बनने की सफर की कहानी सुनाई। लखपति दीदियों को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। उन्होंने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम सुकुलदैहान में एफपीसी बिहान स्वर्ण उपज उत्पादक कंपनी द्वारा एकीकृत सुविधा केंद्र में प्रोसेसिंग यूनिट स्थापना के प्रगतिरत कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने स्वर्ण उपज महिला कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड का चना कलेक्शन केन्द्र के पूर्ण होने की प्रगति, यूनिट को आगे बढ़ाने, प्रोडक्ट के मार्केटिंग के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्रोसेसिंग यूनिट के प्रगतिरत कार्य को पूर्ण करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान 15 दिसम्बर तक कार्य पूर्ण करते हुए खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के साथ-साथ राजनांदगांव जिले को भी शामिल करने के संबंध में चर्चा की। इस दौरान किसानों को कीट नाशक छिड़काव हेतु ड्रोन दीदी द्वारा बताया गया। अतिरिक्त सचिव श्री सिंह ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की।

# देश के सर्वांगीण विकास में साहू समाज का बहुत बड़ा योगदान - संतोष पांडे

**अपने दोबारा सांसद चुनने के लिए साहू समाज के योगदान पर कृतज्ञता ज्ञापित की, जिला साहू संघ के तत्वाधान में आयोजित रचनात्मक कार्यक्रमों को सराहा**



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शहर के बसंतपुर स्थित जिला साहू संघ के द्वारा आज साहू सदन में 23 वां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय युवक -युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसका शुभारंभ संत शिरोमणी भक्त कर्मा माता जी एवं छत्तीसगढ़ महतारी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर जिले के सांसद संतोष पांडे ने किया।इस दौरान प्रसिद्ध पंडवानी गायिका आराध्या साहू ने अपनी प्रस्तुति दी। जिला साहू संघ के विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन में एवं सामाजिक सम्मेलन के साथ रक्तदान शिविर में मुख्य अतिथि की आसंदी से विराजमान सांसद संतोष पांडे ने देश के सर्वांगीण विकास में साहू समाज के योगदान को जमकर सराहा उन्होंने कहां कि हर समाज को संगठित होना आज की माहिती आवश्यकता है। साहू समाज इस मामले में बहुत ही सकारात्मक भूमिका निभा रहा है। फिर भी हमें यह ध्यान रखना है कि हम हिंदू समाज का हिस्सा है और कलयुग में संगठन में ही शक्ति है। समय पड़े तो हम सभी समाज को एकजुटता दिखानी होगी। सांसद श्री पांडे के इस उद्बोधन से खचाखच भरे दर्शक दीर्घा में तालिया के गड़गड़ाहट गूंज पड़ी। इस अवसर पर श्री पांडे ने अपनी अपनी लगातार दूसरी बार लोकसभा सदस्य चुने जाने में साहू समाज के योगदान की जमकर प्रशंसा जमकर प्रशंसा की। इस दौरान श्री पांडे ने कार्यक्रम में सामाजिक दर्पण 2024 पत्रिका का भी विमोचन किया गया साथ ही प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित भी किया गया।जिला साहू सघ के अध्यक्ष भागवत साहू ने मुख्य अतिथि श्री पांडे को जिला साहू सघ एवं इनके विभिन्न प्रकोष्ठों द्वारा आयोजित रचनात्मक कार्यक्रमों को संक्षेप में बताया जानकारी दी कि समाज संगठन की ओर से सभी समाज के विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग की शिक्षा दी जा रही है। सभी समाज के शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार मेला का आयोजन कर रोजगार दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। विभिन्न क्षेत्र में समाज के प्रतिभावान बच्चों को प्रोत्साहित करने का कार्य जारी रखा है। समाज का विवाह योग्य युवक युति परिचय सम्मेलन भी रचनात्मक कार्यक्रमों की एक कड़ी है। श्री साहू ने समाज की एकता में समाज के प्रत्येक व्यक्ति के योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें और अधिक मजबूती से आगे आना है। इस अवसर पर भोलाराम साहू विधायक, श्रीमती गीता घासी साहू अध्यक्ष जिला पंचायत, लखन साहू महामंत्री छ.ग. प्रदेश साहू संघ, श्रीमती अंजनी साहू सहप्रभारी जिला साहू संघ, पूर्व विधायक खेदुरम साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रमेश साहू, उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, मोहला मानपुर के अध्यक्ष मदन साहू, जिला सघ के अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष नीरा साहू, शैलेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष नोबेल साहू, महामंत्री नीलमणि साहू, अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ संयोजक यशवंत साहू, जिला साहू संघ के पूर्व अध्यक्ष कमल किशोर साहू, डॉ नीरेंद्र साहू, मोतीलाल साहू सहित जिले एवं तहसील के समस्त पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## जनपद पंचायत छुरिया के ग्रामों में आवास सभा एवं आवास संगोष्ठी संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन स्वीकृत आवास के हितग्राहियों के लिए जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत ग्राम साल्हे, चिखलाकसा, सीताकसा उ,तुर्रे गढ़, आया बंधा, बननवागांव, साल्हे, पांगरीखुर्द में आवास सभा एवं आवास संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हितग्रहियों को आवास निर्माण के संबंध में तकनीकी, किस्त प्राप्ति सहित अन्य आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही हितग्राहियों को नवीन स्वीकृत आदेश वितरण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्य पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र एवं चाबी वितरण किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायतों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम समाप्ति पश्चात हितग्राहियों को गृह-प्रवेश कराया गया तथा निर्माणधीन एवं अप्रारंभ आवासों का निरीक्षण भी किया गया। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी एवं जिला समन्वयक, प्रधानमंत्री आवास योजना, सीईओ जनपद पंचायत छुरिया, एसीईओ जनपद पंचायत छुरिया, जनपद पंचायत छुरिया की आवास टीम एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, हितग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।



## छत्तीसगढ़ जूनियर बालक बालिका खो खो टीम, नेशनल चैंपियनशिप के लिएअलीगढ़ उत्तर प्रदेश रवाना

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो ऐसोसिएशन की ओर से छत्तीसगढ़ राज्य की जूनियर बालक बालिका



खो खो टीम आज शाम छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस से 43वी जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अलीगढ़ उत्तर प्रदेश रवाना हुए।टीम में 15 बालक,15बालिकाओं को 10 दिनों की कोचिंग कैम्प के पश्चात चयनित किया गया है। बालक टीम की मुख्य कोच नरेश यादव, रेलवे सहा कोच नारद साहू, राजनादगांव मैनेजर वीरेन्द्र यादव, राजनादगांव बालिका टीम में मुख्य कोच जफर सिद्धकी, रेलवे साह कोच सिकन्दर भारती, भिलाई, मैनेजर, श्रीमति किरण सींग नारायणपुर को बनाया गया है। टीम में नारायणपुर, कांकेर, दुर्ग, राजनादगांव, बिलासपुर, बलौदा बाजार, बालोद, रायपुर, भिलाई, कबीरधाम, मोहला मानपुर चौकी जिलों की बालक बालिका खो खो खिलाडी शामिल है,। टेक्निकल ऑफिशियल्स मोहम्मद फ़िरोज़ रहमान, सुश्री रूखमणी यदुवंशी, रामदास साहू, छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधित्व करेगें। टीम समन्वयक के रूप में विक्रांत शुक्ला टीम के साथ अलीगढ़ उत्तर प्रदेश रवाना हुए हैं।

# एनसीसी से नेतृत्व क्षमता विकसित होती है : मोहित गर्ग

**76वां एनसीसी दिवस समारोह स्टेट हाई स्कूल में संपन्न, विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी कैडेट्स को किया गया पुरस्कृत**





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्थानीय स्टेट हाई स्कूल के प्रांगण में संयुक्त रूप से 76वां एनसीसी दिवस समारोह मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक रहे। प्रात: 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम ध्वजारोहण उपरांत परेड निरीक्षण किया। तदुपरांत मुख्य अतिथि द्वारा एनसीसी की शपथ दिलाई गई, जिसमें राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की शपथ कैडेट्स ने ली। स्वच्छता का शपथ पार्षद शिव वर्मा ने दिलाया। वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन सेकेंड अफसर नेवल चंद्रकांत बल्देव प्रसाद मिश्र ने किया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने एनसीसी कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा एनसीसी से नेतृत्व क्षमता का गुण विकसित होता है, जो जिंदगी के हर क्षेत्र में काम आता है और सिर्फआर्म्स फोर्स में ही नहीं सामाजिक या अन्य क्षेत्रों में भी एनसीसी की ट्रेनिंग काम आती है। भर्ती परीक्षाओं में एनसीसी कैडेट्स की शारीरिक दक्षता अन्यों की तुलना में अधिक होती है। फौज और अन्य सशस्त्र बलों में, प्रशासनिक क्षेत्रों में उच्च पदों पर प्रशिक्षित एनसीसी कैडेट्स अपनी सेवा दे रहे हैं। मैं 76वें एनसीसी दिवस पर अपनी शुभकामनाएं कैडेट्स को देता हूं। इसके उपरांत कैडेट क्लब द्वारा क्रेडिट के उत्साहवर्धन के लिए अनेक प्रतियोगिताएं कराई गई, जिसमें स्पून रेस, स्लो साइकिल रेस, ड्रेस वेयरिंग, निबंध प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता में विजयी कैडेट्स को मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में दिग्विजय महाविद्यालय के केडेट द्वारा छदम युद्धाभ्यास का जीवंत प्रदर्शन किया गया।परेड कमांडर हिमाचल निषाद दिग्विजय महाविद्यालय, परेड टू आयसी प्रीति साहू कमला देवी महिला महाविद्यालय, प्लाटून कमांडर उत्कर्ष कोरिया, राजीव कुमार, कीर्ति यादव, कामिनी वर्मा, भावेश साहू, थानेश्वर साहू, सोनल विश्वकर्मा, चेष्टा जंघेल, छन्नू साहू, चंदन जांगड़े, पायलट्स दामिनी साहू, हेमपुष्पा साहू, अंशु लहरे, मधु मंडावी, प्रीति कुर्रे, पूजा तिवारी, मुस्कान वर्मा, पायल वर्मा, देविका साहू, विशेष उपलब्धि फलेश सिन्हाए थल सेना कैंप 2024, जिला पुलिस बल की बंद शाखा का सम्मान स्मृति चिन्ह, सांस्कृतिक कार्यक्रम संस्कार सिटी स्कूल द्वारा हनुमान चालीसा, छद्म युद्धयास का जीवंत प्रदर्शन दिग्विजय महाविद्यालय के कैडेट्स द्वारा स्पून रेस, उर्वशी साहू, रिमझिम यादव, निगार परवीन, आदर्श कुमार, स्लो साइकिल रेस तेजस्वी सिंह, संजय कुमार, योगेश पासवान, आदर्श पासवान, ड्रेस वेयरिंग दीपांशु यादव, पीयूष चंद्रिकापुरे, निबंध प्रतियोगिता अंजली निषाद, हर्षिता ठाकुर, रंगोली प्रतियोगिता प्रीति, लेजर चौधरी इसके अलावा प्रत्येक प्लाटून से विशिष्ट वेशभूषा का पुरस्कार भी प्रदान किया गया।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश यादव, भूषण साहब, अजय शुक्ला, सूबेदार सुजात चंद्र, नायर सर, जसवंत सर, अनिल शर्मा, जोगिंदर सिंह, बीडी यादव, संजय शितोले, एनसीसी अधिकारी चंद्रकांत चंद्राकर, सुनील भागवत, जीडी वैष्णव, भूपेंद्र जोगी, लेखा प्रसाद, उर्वासा तारा ठाकुर, सनत ठाकुर, वर्षा कुमारी सहित कैडेट क्लब के संयोजक आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी, सचिव संदीप जायसवाल, आशीष डोंगरे, सफीक अहमद, तरुण जाटव, राहुल देवांगन, समीर देवांगन, प्रियेश भारद्वाज, किशोर देशमुख, नवीन शर्मा, चंद्रहास साहू, जितेंद्र साहू, शुभम भोईर, मोरध्वज निषाद, अर्जुन सिंह कुर्रे, रूबी मिर्जा, विजय अग्निहोत्री, शाहीन मिर्जा, चैताली श्रीवास्तव, शैलबाला हरिहरनो, अंशुल गुप्ता, पूजा ठाकुर, उमेश साहू, रितेश साहू, डिकेश साहू, संतोष साहू, अतुल जगाने, काजल साहू, सरिता साहू, प्रदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में पूर्व कैडेट उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के रक्त केंद्र द्वारा शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 27 कैडेटों ने रक्तदान किया। यह जानकारी बलदेव प्रसाद मिश्र स्कूल के एनसीसी अधिकारी सेकेंड अफसर चंद्रकांत चंद्राकर ने दी।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com